8 नवभारत
महानगर
मुंबई, 21 फरवरी, 2015

ठाकुर कालेज कांदिवली में ई-वीक

छात्रों ने सीखे गलियों के गुर

नवभारत मीडिया पार्टनर

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. ठाकुर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च कालेज में चल रहे उद्यमिता सप्ताह में एमबीए कर रहे छात्रों ने गली व्यवसाय के गुर सीखे. इसके लिए इंटरप्रन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) द्वारा बुधवार बाजार का आयोजन किया गया. झगडू सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट से संबद्ध टीआईएमएसआर हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर रहता है. यहां व्यवसाय प्रबंधन (एमबीए) का कोर्स करने वाले छात्रों को उद्यमिता के बारीक गुणों से प्रशिक्षित किया जाता है.

छात्रों ने की बोरिवली स्टेशन की सफाई

नेशनल इंटरप्रन्योरशिप नेटवर्क के सहयोग से ई-वीक 2015 में छात्रों ने बोरीवली स्टेशन परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाया. प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए स्वच्छ भारत अभियान को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से छात्रों की टीम ने स्टेशन परिसर की सफाई की. स्टेशन से गुजरने वाले यात्रियों ने छात्रों के इस कार्य की सराहना की. स्थानीय लोगों ने भी इसमें आगे आकर सहयोग दिया.